भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4452
दिनांक 19 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

अनुपूरक पोषण कार्यक्रम

4452. श्री श्याम सिंह यादवः

क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा महिलाओं और बच्चों के कल्याण हेतु कार्यान्वित की जा रही विभिन्न प्रकार के अनुपूरक पोषण कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;
(ख) इस संबंध में कितना बजट आबंटन किया गया है; और
(ग) उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ुबिन ईरानी — महिला एवं बाल विकास मंत्री

(क): यह मंत्रालय महिलाओं और बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार लाने के लिए बच्चों (6 माह से 6 वर्ष), गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं तथा स्कूल छोड़ चुकी किशोरियों (11 से 14 वर्ष) के लिए आंगनवाड़ी सेवाओं के अंतर्गत पूरक पोषण कार्यक्रम तथा अम्ब्रेला समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) स्कीम के अंतर्गत किशोरियों के लिए स्कीम को कार्यान्वित कर रहा है। ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र.सं.	श्रेणी	भोजन का प्रकार	पोषण मानदंड
आंगनवाड़ी सेवा के तहत पूरक पोषण			
1.	बच्चे (6-36 माह)	घर ले जाने वाला राशन	ऊर्जा-500 किलो कैलोरी प्रोटीन-12 से 15 ग्राम
2.	बच्चे (3-6 वर्ष)	सुबह का नाश्ता और गर्म पका खाना	ऊर्जा-500 किलो कैलोरी प्रोटीन-12 से 15 ग्राम
3.	गंभीर रूप से कुपोषित बच्चे (3 से 6 वर्ष)	घर ले जाने वाला राशन	ऊर्जा-800 किलो कैलोरी प्रोटीन-20 से 25 ग्राम
4.	गर्भवती महिलाएं एवं धात्री माताएं	घर ले जाने वाला राशन	ऊर्जा-600 किलो कैलोरी प्रोटीन-18 से 20 ग्राम
किशोरियों के लिए स्कीम के अंतर्गत पूरक पोषण			
5.	स्कूल छोड़ चुकी बालिकाएं (11 से 14 वर्ष)	घर ले जाने वाला राशन	ऊर्जा-600 किलो कैलोरी प्रोटीन-18 से 20 ग्राम

टिप्पणी: बच्चों (0-6 माह) के लिए केवल स्तनपान को ही प्रोत्साहित किया जाता है।

(ख): चालू वित्तीय वर्ष के दौरान आंगनवाड़ी सेवा के तहत पूरक पोषण एवं किशोरियों के लिए स्कीम के प्रावधान हेतु क्रमशः 9368.12 करोड़ तथा 255 करोड़ रूपये का आवंटन किया गया है।

(ग): वर्ष 2018-19 के दौरान इन कार्यक्रमों के तहत लाभार्थियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

स्कीम	लाभार्थी	लाभार्थियों की संख्या
आंगनवाड़ी सेवा	6 वर्ष से कम आयु के बच्चे	703.74 लाख
	गर्भवती महिलाएं तथा धात्री माताएं	171.86 लाख
किशोरियों के लिए स्कीम	किशोरी (11-14 वर्ष)	14.15 लाख

*****